8. क्रिया

वे शब्द जो किसी न किसी काम के करने का संकेत देते हैं, व्याकरण की भाषा में क्रिया कहलाते हैं। क्रिया द्‌वारा काम का करना, होना या घटित होना पता चलता है।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका पाठ पृष्ठ 42 पर दिए वाक्यों के द्‌वारा चित्र में हो रही क्रियाओं के बारे में बातचीत करें।
- ❖ क्रिया वाक्यों को पूर्ण तथा अर्थवान बनाती है, बताएँ।
- ❖ बिना क्रिया के वाक्य अधूरे रहते हैं, यह समझाएँ।
- ❖ समझाएँ, किसी वाक्य में एक या एक से अधिक क्रिया भी हो सकती है। जैसे– अनिल पढ़ा। अनिल पढ़ रहा है।
- ❖ बच्चों की रोचकता बनाए रखने के उद्‌देश्य से पूछें, जब वे सुबह स्कूल आ रहे होते हैं या छुट्‌टी के समय वे रास्ते में क्या-क्या क्रियाएँ होते देखते हैं आदि।
- ❖ समझाएँ, क्रिया का रूप लिंग-वचन के आधार पर बदलता रहता है। जैसे– लिंग के आधार पर– लड़का खेला। लड़की खेली। वचन के आधार पर परिवर्तन– मैं खाऊँगा। हम खाएँगे।
- ❖ सुनिश्चित करें, बच्चों को क्रिया भली-भाँति समझ आ गई है।
- ❖ क्रिया के भिन्न-भिन्न रूप बच्चों से पढ़वाएँ। बताएँ, क्रिया रूप पर काल का प्रभाव पड़ता है।
- ❖ मौखिक प्रश्नों के उत्तर बच्चों से पूछें।
- ❖ अभ्यास बच्चों से करवाएँ।